प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 11.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

............................

- विश्व जनसंख्या दिवस आज –प्रदेशभर में कई जागरूकता गतिविधियां–राज्यस्तरीय कार्यक्रम जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में।
- राजस्थान उच्च न्यायालय में एसआई भर्ती–2021 पेपर लीक मामले में आज सफल अभ्यर्थियों की ओर से दलील पेश की जायेगी।
- आज से श्रावण मास की शुरूआत–प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में धर्मिक अनुष्ठान किये जा रहे है।
- राज्य में तेज बरसात का सिलसिला जारी–आज 15 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट।

............................

आज विश्व जनसंख्या दिवस है। दुनियाभर में जनसंख्या वृद्धि से जुडी विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान के प्रति जागरूकता लाने के लिए हर साल 11 जुलाई को ये दिन मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम "मां बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही" रखी गयी है। एनएचएम के मिशन निदेशक डॉ. अमित यादव ने बताया कि आज से जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा शुरू हो रहा है। इसके तहत परिवार कल्याण को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से प्रदेशभर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राज्यस्तरीय कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम में परिवार कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले कार्मिकों और संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ये पुरस्कार प्रदान करेंगे। जिला स्तर पर भी इसी तरह सम्मान समारोह रखे गये है। साथ ही कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। पाली और हनुमानगढ़ में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जनसंख्या नियंत्रण के महत्व का संदेश दिया जायेगा। कोटपूतली–बहरोड, सवाईमाधोपुर, डूंगरपुर, भरतपुर और करौली में भी जागरूकता गतिविधियां की जा रही हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट में जनसंख्या नियंत्रण के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लेने का आह्वान किया है। ताकि संतुलित, सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की नींव रखी जा सके।

............................

देश की आगामी जनगणना डिजिटल और पेपरलैस होगी। इससे समय की बचत होगी साथ ही किसी भी प्रकार की गलती की गुंजाइश नहीं रहेगी।

............................

राजस्थान उच्च न्यायालय में एसआई भर्ती–2021 पेपर लीक मामले में दायर याचिका पर सुनवाई जारी है। अदालत आज सफल अभ्यर्थियों की ओर से पेश दलील सुनेगी। इससे पहले जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ के सामने राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने भर्ती से जुडा रिकॉर्ड पेश किया। जिसमें कैबिनेट सब कमेटी की ओर से भर्ती परीक्षा रद्द नहीं करने की सिफारिश पर मुख्यमंत्री की ओर से दी गई सहमति की पत्रावली शामिल थी। अदालत ने सब कमेटी की ओर से फिलहाल भर्ती परीक्षा रद्द नहीं करने की सिफारिश पर सवाल उठाया। इस पर महाधिवक्ता ने कहा कि अब तक की जांच में 53 ट्रेनी दोषी पाए गए हैं। दोषियों की छटनी संभव है। इसलिए भर्ती रद्द नहीं की जा रही है।

............................

अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और एक्जियम–4 मिशन के तीन अन्य क्रू सदस्यों की वापसी यात्रा 14 जुलाई से शुरू होगी। नासा के कमर्शियल क्रू प्रोग्राम के प्रबंधक, स्टीव स्टिच ने एक प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। मिशन वापसी शुरू होने के कई घंटे बाद अंतरिक्ष यात्री प्रशांत महासागर में कैलिफ़ोर्निया तट के पास उतरेंगे। ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन–आईएसएस के 14–दिवसीय मिशन पर हैं। उन्होंने अंतरिक्ष में भारत–विशिष्ट सात प्रयोग किए हैं।

............................

आज से श्रावण मास की शुरूआत हो गई है। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में धर्मिक अनुष्ठान शुरू हो गए है। भगवान शिव का विशेष श्रृंगार और अभिषेक किया जा रहा है। कई स्थानों पर श्रावण के मेले भी लगाये गये है। जगह–जगह कांवड यात्राएं शुरू हो रही है। जयपुर के गलता तीर्थ से श्रद्धालु पवित्र जल कांवड में भरकर विभिन्न शिवालयों में पंहुचेंगे। भीलवाडा और हनुमानगढ के महादेव मंदिरों में लोग पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना कर रहे है। सवाईमाधोपुर के शिवाड स्थित घुश्मेश्वर महादेव मंदिर में एक महीने तक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड उमड रही है।

............................

इधर डाक विभाग ने श्रावण मास में गुजरात के सोमनाथ ज्योतिलिंग और काशी विश्वनाथ से प्रसाद मंगाने के लिए स्पीड पोस्ट सेवा शुरू की है। लोग देश के किसी भी हिस्से से ई मनिऑर्डर के जरिये प्रसाद मंगा सकते है। इसके लिए उन्हें मनिऑर्डर पर प्रसाद के लिए बुकिंग अंकित करना होगा। इस बीच भगवान शिव की पवित्र 'छड़ी मुबारक' कल पहलगाम पहुंचने के साथ ही अमरनाथ यात्रा से जुड़े प्रमुख पारंपरिक अनुष्ठान शुरू हो गए। कश्मीर घाटी में रुक–रुक कर हो रही बारिश के बीच अमरनाथ गुफा मंदिर में हज़ारों श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। अभी तक एक लाख 45 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।

............................

प्रदेश में तेज बरसात का सिलसिला जारी है। आज भी कुछ स्थानों पर बारिश हो रही है। सवाईमाधोपुर में सुबह से ही बरसात की झडी लगी हुई है। कल राजधानी जयपुर, झुंझुनूं और धौलपुर सहित करीब 15 शहरों में मध्यम से तेज बारिश दर्ज की गई। धौलपुर में कल दोपहर बाद शुरू हुआ बारिश का सिलसिला शाम तक जारी रहा। हमारे संवाददाता ने बताया कि बाडी उपखण्ड में बारिश से कस्बे के निचले इलाकों में पानी भर गया। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पडा।

............................

हनुमानगढ़ में बारिश से जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे यातायात प्रभावित रहा। सीकर के फतेहपुर में भी बरसात से कई दुकानों में पानी भर गया। मंडावा अंडरपास पर जलभराव होने के चलते बैरिकेड लगाकर वाहनों की आवाजाही बंद की गई। करौली में पांचना बांध से दो गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। इससे गंभीर नदी में जलस्तर बढ़ गया है। मौसम विभाग ने आज 15 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

............................